**ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM (Special Campaign For Disposal Of Pending Matters) के क्रियान्वयन हेतु दिनांक–11.07.2025 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में आहूत समन्वय बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः–संलग्न सूची के अनुसार।

1. सर्वप्रथम संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी, स्वच्छ बिहार पोर्टल ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बिहार स्वच्छता पोर्टल के विभिन्न डोमेन के संदर्भ में संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला गया।

2. स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आयोजित समन्वय बैठक में निम्न निदेश दिये गयेः–

(1) **e-Office का क्रियान्वयन–**इस बैठक में विभाग अंतर्गत सभी संचिकाओं का Scanning एवं Uploading कार्य हेतु चयनित एजेंसी को मानवबल एवं उपकरण की संख्या बढ़ाने का निदेश दिया गया है तथा सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को अपने पटल से संबंधित संचिकाओं का Scanning एवं Uploading स्वयं के देख–रेख में करने का निदेश दिया गया है। Scanning में हुई प्रगति की समीक्षा अवर सचिव (लेखा) द्वारा प्रतिदिन की जायेगी।

(2) **Cleanliness Campaign Of Files & Record Management-** सभी अवर सचिव अपने अधीनस्थ सभी प्रशाखाओं में साफ–सफाई, संचिकाओं का व्यवस्थित तरीके से रख–रखाव, संचिकाओं का उनके प्रकृति के अनुसार वर्गीकरण का कार्य करायेंगे एवं आगामी बैठक में उससे संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। साफ–सफाई के संबंध में माह में एक बार Campaign चलाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिस हेतु आवश्यक सामाग्री ब्राडा कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

(3) **Office Scrap Disposal-** लेखा प्रशाखा द्वारा बताया गया कि विभाग अंतर्गत परित्यक्त/अनुपयोगी सामग्रियों की नीलामी करने हेतु विभागीय पत्रांक 4754 अनु0 दिनांक 21.08.2024 द्वारा निष्प्रयोजित कम्प्यूटर, उपस्कर की नीलामी हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना एवं विभागीय पत्रांक 4994 दिनांक 07.05.2025 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दानापुर में विभाग में बेकार/खराब Cassete AC की नीलामी करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। विभागीय पत्रांक 5220 दिनांक 10.09.2025 द्वारा विभाग के अधीन 14/15 वर्ष पुराने कुल 06 वाहनों की नीलामी करने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना को प्राधिकृत किया गया है। कार्य प्रमंडल, पटना के पत्रांक 617 दिनांक 25.04.2025 द्वारा यह सुचित किया गया है कि उक्त वाहनों की नीलामी MSTC, Ltd, Patna के माध्यम से पूर्ण की जा चुकी है तथा नीलामी के उपरांत प्राप्त राशि 2,90,101/– (दो लाख नब्बे हजार एक सौ एक) रुपये मात्र बैंक खाते में जमा करा दिया गया है। जिसकी entry स्वच्छ पोर्टल पर अपलोड किये जाने का निदेश दिया गया है।

विभाग अंतर्गत परित्यक्त/अनुपयोगी सामग्रियों की नीलामी करने का निदेश लेखा प्रशाखा को दिया गया।

(4) **Reference From MLA/IMC Reference/District Reference-** समीक्षा में यह पाया गया कि माननीय विधानपरिषद्/माननीय विधानसभा सदस्यों के reference आदि का मामला अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/योजना से संबंधित सभी सभी नोडल पदाधिकारी के यहाँ निष्पादित किया जाता है। अतः श्री ओज प्रकश, प्रशाखा

पदाधिकारी–01 सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त कर आगामी बैठक मे प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(5) **Easing Of Rules/Processes-** उक्त बैठक में निविदा से संबंधित कार्यो को आसान करने हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/योजना से संबंधित सभी नोडल पदाधिकारी से निविदा निष्पादन से संबंधित पत्र/परिपत्रों/SOP आदि प्राप्त करने हेतु श्री ओज प्रकाश, प्रशाखा पदाधिकारी को प्राधिकृत किया गया हैं। श्री प्रकाश को निदेश दिया गया की इससे संबंधित पत्र प्राप्त कर बैठक मे उपलब्ध कराया जाय।

(6) **Public Grievance Appeals-** स्वच्छ बिहार पोर्टल पर इससे संबंधित प्रविष्टि करा दी गई है। लेखा प्रशाखा द्वारा प्रशाखा–15 के सहयोग से नियमित अन्तराल पर अद्यतन किया जायेगा।

(7) **Assembly Assurance-** सभी मुख्य अभियंता को निदेशित किया जाता है की विधान मंडल (विधान सभा/विधान परिषद) से लंबित आश्वासन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

(8) स्वच्छ बिहार पोर्टल के अंतर्गत SCDPM के क्रियान्वयन हेतु आगामी समीक्षा बैठक दिनांक–25.07.2025 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे आहुत की जायेगी।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

17/7/25
(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्वच्छ पोर्टल,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक –12/अ0प्र0–08–02/2025 7755 पटना/दिनांक– 17.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के निजी सहायक/सभी विशेष सचिव के निजी सहायक/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख के निजी सहायक/सभी संयुक्त सचिव के निजी सहायक/अपर मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, ब्राडा/सभी मुख्य अभियंता/विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/विभागीय सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार /तकनीकी परामर्शी (विधि)/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/श्री राहुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री सुजीत कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री अमन कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/श्री ओवैश हाशिम, कार्यपालक सहायक एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/7/25

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्वच्छ पोर्टल

ज्ञापांक –12/अ0प्र0–08–02/2025 7755 पटना/दिनांक– 17.7.25

प्रतिलिपिः–सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

17/7/25

संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्वच्छ पोर्टल